Regarding need for relocation of Central Gujarat National Highway Regional office from Rajpipla to Vadodara

डॉ. हेमांग जोशी (वडोदरा) : माननीय सभापति महोदय, सबसे पहले मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी और उनके विभाग के प्रति आभार प्रकट करना चाहूंगा । बडोदरा हाईवे पर चार नैरो ब्रिज है, जिसकी वजह से कई बार ट्रैफिक जाम होता है । इस समस्या का हल हो रहा है लेकिन अभी वह निर्माणाधीन है । परंतु उसके साथ-साथ एक और बात है, दिशा कमेटी की बैठक और जिला संकलन समिति की बैठक में सभी विधायक और लोगों की बातें बाहर आयी हैं । बारिश के दिनों में हाईवे पर कहीं मरम्मत की जरूरत होती है लेकिन वहां पर चार-पांच घंटे तक ट्रैफिक जाम हो जाता है जिसकी वजह से रैपिड एक्शन लेने के लिए नेशनल हाईवे की टीम वहां नहीं पहुंच सकती । जब इसकी तह में गए तब पता चला कि हमारे सेंट्रल रीजन नेशनल हाईवे का ऑफिस राजपिपला में स्थित है । वह बहुत ही अनवाइबल और अन स्ट्रेटिजिक डिसीजन है । इसकी लोकेशन राजपिपला में है, इसकी वजह से वडोदरा में तुरंत नहीं पहुंच सकते हैं, बड़ोदरा का स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग और म्युनिसिपल कॉरपोरेशन साथ मिल कर पूरा काम करते हैं । इससे 2500 से ज्यादा इंडस्ट्री भी अफेक्ट होती है ।

मेरी माननीय नितिन गडकरी जी से मांग है कि नेशनल हाईवे का सेंट्रल गुजरात का रीजनल ऑफिस राजपिपला में न होकर बड़ोदरा के अंदर होगा तो इसका सोल्यूशन हो पाएगा और नेशनल हाईवे की सुविधा में सुधार होगा ।